No. of Printed Pages/Questions: 7/15

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2025 – 2026)**

**Class: VIII** **MM: 80**

**Subject: HINDI** **Time: 3Hr.**

---

सामान्य निर्देश–

(1) इस प्रश्न–पत्र में चार खंड हैं– खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'। खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित बहुविकल्पीय व लघूत्तरात्मक और खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण संबंधीलघूत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) खंड 'ग' में पाठ्य–पुस्तक व पूरक पाठ्यक्रम पर आधारित य प्रश्न तथा खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन संबंधी दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न–पत्र के चारों खंडों में प्रश्नों की संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

**खंड 'क' (अपठित अवबोध –14 अंक)**

**1. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X3+2X2=7)**

भारत के ऋषि मुनि जानते थे कि प्रकृति जीवन का स्त्रोत है और पर्यावरण के समृद्ध और स्वस्थ होने से ही हमारा जीवन भी समृद्ध और सुखी होता है। वे प्रकृति की दैवीशक्ति के रूप में उपासना करते थे और उसे 'परमेश्वरी' भी कहते थे। उन्होंने पर्यावरण पर बहुत गहन चिंतन किया। जो कुछ पर्यावरण के लिए हाानिकारक था, उसे आसुरी प्रवृत्ति कहा और जो हितकर था उसे दैवीय प्रवृत्ति माना।

भारत के पुराने ग्रंथों में वृक्षों और वनों के रूप में किया गया है। उनको संतान की तरह पाला जाता है और हरे– भरे पेड़ों को अपने किसी स्वार्थ के लिए काटना पाप कहा जाता है। अनावश्यक पेड़ों को काटने पर दड़ का विधान भी है। मनुष्य यह समझता है कि समस्त प्राकृतिक संपदा पर केवल उसी का आधिपत्य है। हम जैसा चाहे, इसका उपयोग करें। इसी भोगवादी प्रवृत्ति के कारण मानव ने इसका इस हद तक शोषण कर लिया है कि अव उसका अस्तित्व संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिक बार–बार चेतावनी दे रहे हैं कि प्रकृति की रक्षा करो, अन्यथा मानव जाति नहीं बच पाएगी।

भारतीय संस्कृति में वृक्षों की रक्षा और महत्व को 'तुलसी' और 'पीपल' के उदाहरणों से समझा जा सकता है। इन जीवनोपयोगी वृक्षों की देवी–देवताओं की तरह पूजा की जाती है। पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष को परम रक्षक और मित्र बताया गया है। यह हमें अमृत प्रदान करता है, दूषित वायु को स्वयं ग्रहण करके हमें प्राणवायु देता है, मरूस्थल का नियंत्रक होता है, नदियों की बाढ़ रोकता है और जलवायु को स्वच्छ बनाता है। इसलिए हमें वृक्षमित्र होकर जीवन–यापन करना चाहिए।

**(I) गद्यांश में 'आसुरी प्रवृति' का आशय है ?**

अ राक्षसी प्रवृति

ब मानवता की विनाशक प्रवृति

स पर्यावरण के लिए अहितकर प्रवृति

द हानिकारक प्रवृति

(II) पर्यावरण प्रदूषण का कारण हैं कि मनुष्य –

अ प्रकृति पर अपना एकाधिकार मानता है।

ब प्रकृति के दोहन के लिए प्रयास करता है।

स जीवन की सुखमयता के लिए स्वार्थी हो जाता है।

घ प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रयास नहीं करता।

(III) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A) : पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष को रक्षक और मित्र बताया गया है।

कारण (R) : यह दूषित वायु को ग्रहण करके उसे प्रदूषित करता है।

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) सही है और (R) गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) भारत के पुराने गंथों में वृक्षों का चित्रण किस रूप में हुआ है ?

(v) वैज्ञानिक बार–बार क्या चेतावनी दे रहे हैं और क्यों ?

2. अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X3+2X2=7)

जिस धरती को तुमने सींचा
अपने खून–पसीनों से,
हार गई दुश्मन की गोली
वज्र सरीखे सीनों से।
जब–जब उठी तुम्हारी बाँहें,
होता वश में काल है।
जिस धरती के लिए सदा
तुमने सब कुछ कुर्बान किया,
शूली पर चढ़–चढ़ हँस– हँसकर
कालकूट का पान किया।
उस धरती को टुकड़े– टुकड़े
करना चाह रहे दुश्मन,
बड़े गौर से अजब तुम्हारी
चुप्पी थाह रहे दुश्मन।

जाति–पाँति वर्गों–फ़िरकों के,
वह फैलाता जाल है।
कुछ देशों की लोलुप नज़रें
लगी तुम्हारे ओर हैं,
कुछ अपने ही जयचंदों के
मन में बैठा चोर है।
सावधान कर दो उसको,
जो पहने कपटी खाल है।

**(I)** 'धरती को खून–पसीनें से सींचने' का अभिप्राय है।

अ देश के खेतों को जल से सींचना

ब देश के लिए कठिन से कठिन परिश्रम करना

स देश की सुरक्षा के लिए रात– दिन सावधान रहना

द देश की रक्षा हेतु

**(II)** काल वश में हो सकता है,जब–

अ दुश्मन गोलियाँ न चलाए

ब हम रक्षा के लिए बाँहे उठाएँ

स हम हँस–हँसकर कुर्बानी दें

द जाति–पाँति का भेद न रहे

**(III)** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

**कथन (A):** कुछ देशों की लोलपुर( लालची) नज़रे हमारे देश की ओर लगी हुई है।

**कारण (R):** इस देश के लिए भारतीयों ने अपना सब कुछ त्याग दिया।

(अ) कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ब) कथन (A) सही है और कारण (R) की सही व्याख्या करता है।

(स) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(द) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है।

**(IV)** कविता में किसे सींचने की बात कही गई है और कैसे ?

**(V)** कवि किससे सावधान रहने को कह रहा है और क्यों ?

## खंड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण –16 अंक)

3 **निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1X4=4)**

(I) देशभक्तों की शहादत को आज भी याद किया जाता है। (कर्तृवाच्य में बदलिए )

(II) अवनि द्वारा कार चलाई जा रही है। (कर्तृवाच्य में बदलिए )

(III) हम सोते है। ( भाववाच्य में बदलिए )

(IV) तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की ?(वाच्य पहचानकर भेद लिखिए)

(V) लड़के पेड़ लगाते हैं ?(कर्मवाच्य में बदलिए )

4 निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4=4)

(I) बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं।'(रेखांकित शब्द का पद परिचय दीजिए)

(II) छिः! सडे अंडे खा रहे हो। (रेखांकित शब्द का पद परिचय दीजिए)

(III) आपको किससे मिलना है ?(रेखांकित शब्द का पद परिचय दीजिए)

(IV) न्यूटन ने गुरूत्वाकर्षण के सिद्धात का आविष्कार किया।(रेखांकित शब्द का पद परिचय दीजिए)

(V) तुम्हारी कमीज दो मीटर कपड़े से बन जाएगी। (रेखांकित शब्द का पद परिचय दीजिए)

5.निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X4=4)

(I) ईश्वर तुम्हें सदा सुखी रखें। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)

(II) बच्चे बस से स्कूल जा रहे हैं।'(उद्देश्य व विधेय पृथक कीजिए)

(III) घंटी बजते ही छात्र पंक्ति बनाने लगे।'(संयुक्तवाक्य में बदलकर वाक्य को पुनः लिखिए)

(IV) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने का भेद होते है।

(V)जब बारिश होती है तब मैं छाता लेकर घूमने निकल जाता हूँ।(रचनाके आधार पर वाक्य भेद लिखिए)

6. निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X4=4)

(I) किस अलंकार में अत्यधिक समानता होने के कारण दो वस्तुओं की तुलना न करके उन्हें एक मान लिया जाता है।

(II) 'मानो हवा के ज़ोर से सोता हुआ सागर जगा' में कौन सा अलंकार है।

(III) अतिशयोक्ति अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।

(IV) 'काली घटा का घमंड घटा' में कौन सा अलंकार है।

(V) मुदित महीपति मंदिर आए में कौन सा अलंकार है।

## खंड'ग'(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक–30 अंक)

7. पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1X5=5)

इस ज़िले में साइकिल की धूम मची हुई है। इसकी प्रशंसकों में है महिला खेतिहर मजूदर , पत्थर खदानों में मज़दूरी करनेवाली औरतें और गाँवों में काम करनेवाली नर्सें। बालवाड़ी और आँगनवाड़ी कार्यकर्ता , बेशकीमती पत्थरों को तराशने में लगी औरतें और स्कूल की अध्यापिकाएँ भी साइकिल का जमकर इस्तेमाल कर रही हैं। ग्राम सेविकाएँ और दोपहर का भोजन पहुँचाने वाली औरतें भी पीछे नहीं हैं। सबसे बड़ी संख्या उन लोगों की है जो अभी नवसाक्षर हुई हैं।

**(I)** महिला खेतिहर मजूदर ,पत्थर खदानों में मज़दूरी करनेवाली औरतें किसकी प्रशंसक हैं ?

(अ) साइकिल की　　(ब) घूमने की

(स) गाड़ियों की　　(द) कामकाज करने की

(II) **विभिन्न प्रकार के कार्य करने वाली औरते साइकिल का प्रयोग किस प्रकार कर रही हैं?**

(अ)घर में रखने में　　(ब) आने –जाने में

(स) अपने पति के लिए　　(द) अपने बच्चों के लिए

**(III) ग्राम सेविकाएँ किस चीज में पीछे नहीं हैं ?**

(अ) कार्य करने में　　(ब) घूमने – फिरने में

(स) साइकिल के प्रयोग में　　(द) घरेलू कामों में

**(IV)** साइकिल चलाने वाली औरतों में सबसे बड़ी संख्या किसकी है ?

(अ) कामकाजी महिलाओं की　　(ब) वृद्ध महिलाओं की

(स)घर में रहने वाली महिलाओं की　　(द) नवसाक्षर महिलाओं की

**(V)** 'तराशना' का अर्थ है ?

(अ) सुंदर आकार प्रदान करना　　(ब) गोल–गोल काटना

(स) बराबर काटना　　(द) छोटे–छोटे छेद करना

8. **निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30शब्दों में लिखिए　　(2X4=8)**

**(I)** लेखक को पानी की बूँद कहाँ मिली ?('पानी की कहानी' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

**(II)** पानी के जन्म और जीवन–यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।('पानी की कहानी' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

**(III)** आपके विचार से अंग्रेज ने पुराना लोटा क्यों खरीदा ?(अकबरी लोटा' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

**(IV)** अकबरी लोटा पाठ में जहाँगीरी अंडे के बारे में क्या बताया गया है ?(अकबरी लोटा' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

**(V)** साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था। फिर भी उसने उड़ने की कोशिश क्यों की ? ('बाज और साँप' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

9. **पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।　　(1X5=5)**

सीस पगा न झँगा तन में, प्रभु जाने को आहि बसे केहि ग्रामा ।<br>
धोती फटी सी लटी दुपटी, अरु पाँय उपानह को नहिं सामा।।<br>
द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक, रह्यो चकिसों बसुधा अभिरामा।<br>
पूछत दीनदयाल को धाम बतावत आपनो नाम सुदामा।।

(I) इस कविता के कवि कौन हैं?

(अ) तुलसीदास (ब) सूरदास

(स) मीरा बाई (द) नरोत्तमदास

(II) किसके तन पर कपड़े न थे ?

(अ) कृष्ण के (ब) श्रीकृष्ण नंद बाबा के

(स) श्रीकृष्ण ग्वाल–बालों के (द) सुदामा के

(III) द्वारपाल ने सुदामा का परिचय किस प्रकार दिया ?

(अ) विद्वान व्यक्ति (ब) कृष्ण का हितैषी

(स) पंडित (द) दुर्बल ब्राह्मण

(IV) सुदामा क्या पूछ रहे थे ?

(अ) महल का पता (ब) महल जाने का रास्ता

(स) श्रीकृष्ण का राजदरबार (द) श्रीकृष्ण का निवास

(V) 'धाम' का शब्दार्थ है?

(अ) दिशा (ब) स्वर्ग

(स) निवास स्थान (द) नरक

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में उत्तर लिखिए (कोई तीन)(2X3=6)

(I) 'तै ही पूत अनोखौ जायौ –पंक्ति में ग्वालन के मन में कौन–से भाव मुखरित हो रहे हैं।('सूरदास के पद पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

(II) सुदामा ने पिछली कौन–सी आदत नहीं छोड़ी थी ? श्रीकृष्ण ने ऐसा क्यों कहा ?('सुदामा चरित' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

(III) श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन कीजिए।('सुदामा चरित' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

(IV)श्रीकृष्ण किस समय माखन खाने घर में घुस गए और उन्होंने दूध–दही किसे खिलाया ? ('सूरदास के पद पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

11.पूरक पाठ्यपुस्तक के तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों मे लिखें (3X2=6)

(I) शिवाजी कौन थे ? उनका नाम भारतीय इतिहास में क्यों प्रसिध्द था ?

(II) महमूद गजनवी के आक्रमण से किन भागों में क्षति हुई तथा कौन–से भाग अछूते रहे ?

(III) राजा राममोहनराय कौन थे ? उनके व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए।

खंड–'घ' (रचनात्मक लेखन–20 अंक)

12. दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– **(6X1=6)**

**(क) प्रदूषण**

संकेत बिंदु– 'प्रदूषण का अर्थ' 'प्रदूषण के प्रकार' समाधान'

**(ख) मोबाइल फोन**

संकेत बिंदु– 'भूमिका' 'आवश्यक अंग' 'लाभ 'हानियाँ'

**(ग) स्वच्छता अभियान**

संकेत बिंदु– ' स्वच्छता का अर्थ' ' स्वच्छता अभियान का उद्देश्य' 'इस हेतु प्रयास' 'नागरिकों का कर्त्तव्य'

13 विद्यालय में खेल–सामग्री की कमी होने के कारण खेलने में होने वाली असुविधा के बारे में बताते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **(5X1=5)**

अथवा

आप दीपक/दीपिका हैं। दीपावली के शुभ अवसर पर अपने मित्र को पत्र लिखकर शुभकामना दीजिए।

14 आपकी एक पुस्तक विद्यालय के मैदान में कहीं छूट गई है। इसके बारे में सूचनापट पर लगाने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए। **(5X1=5)**

अथवा

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय के हेडबॉय की तरफ से निबंध–लेखन के आयोजन हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

15. आपने बच्चों के कपड़ो की एक दुकान खोली है। कपड़ों की विशेषताएँ तथा ऑफर को दिखाता एक सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए। **(4X1=4)**

अथवा

'सेलो घड़ी' कंपनी की तरफ से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

————000————